# डैम के किनारे से अतिक्रमण जमींदोज

## बिना परमिशन डेवलप हो रही कॉलोनी पर चलां पंजा, गेट और बाउंड्रीवॉल तोड़े



**भोपाल, 06 मार्च. केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की. यहां बिना परमिशन के अवैध कॉलोनी डेवलप हो रही थी. तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी अमले के साथ मौके पर पहुंचे. टीम ने जेसीबी की मदद से गेट और बाउंड्रीवॉल तोड़ दी. वहीं, सड़कें उखाड़ी दी.**

बता दें कि जिले में अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने

### 10 एकड़ भूमि पर बन रही थी कॉलोनी

के बाद अब जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई शुरू की गई है. यहां पर जेसीबी से मदद से अवैध निर्माण तोड़े जा रहे हैं. हुजूर तहसील के अंतर्गत बेरखेड़ी बाज्याफत में यह कार्रवाई की गई. प्रशासन ने बताया कि 10 एकड़ भूमि पर कॉलोनी विकसित हो रही थी. जांच के बाद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की.

### इधर, निगम के अमले ने ठेले-पान कॉर्नर हटाए

नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है. इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध चबूतरे, ईंटों की क्यारी, सर्विस रोड से दो पहिया, चार पहिया वाहन, फुटपाथों पर लगी चप्पल, सब्जी, बेग की दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान, गन्ने की चरखी, ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर, बोर्ड, स्टूल, कुर्सी आदि को हटवाया साथ ही लोहे का जीना, ठेले, पान पार्लर, काउंटर, टेबिल, बेंच, स्टूल आदि जब्त किए. निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने कोलार कान्हा कुंज, परफेक्ट प्लाजा, 80 फीट बांसखेड़ी, आलोक धाम, डीमार्ट, जेके रोड, सिग्नेचर 99, सर्वधर्म पुलिया, चूना भट्टी थाना, कलियासोत डेम, 12 नम्बर, शाहपुरा, कैंम्पियन स्कूल, 1100 क्वार्टर आदि जगह कार्रवाई कर सामान जब्त किया.

**इनका कहना है...**

केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण हो रहा था. बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित हो रही थी. जांच के बाद कार्रवाई की गई है.

**- अनुराग त्रिपाठी,**
तहसीलदार, हुजूर

## एक नजर में

### आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर जारी किए आदेश

**भोपाल.** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है. राजधानी में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. आदेशानुसार सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से उतनी वैमनस्यता का संचार नहीं होता है, जितना कि उस पर आए कमेंट और क्रॉस कमेंट के कारण होता है. इंटरनेट पर एक प्रकार वैमनस्यता की अभिव्यक्ति ऐसे पोस्ट के माध्यम से होती है, जिस पर हर कोई बिना विचार किए एवं बिना किसी दायित्व के द्वेषपूर्ण एवं अश्लील शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक भावनाओं को आहत करता है.

### निगम ने जल परीक्षण के 59 नमूने लिए

**भोपाल.** नगर निगम अमले ने शुक्रवार को झुग्गी बस्तियों सहित शहर से पेयजल के जांच के लिए अभियान चलाया. इस दौरान निगम के अमले ने शहर के 59 क्षेत्रों से पानी के नमूने लिए. जिनका गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच हेतु परीक्षण शाला में भेजा है. वहीं शहर में पेयजल की क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के सुधार कार्य किए जा रहे हैं. इसी क्रम में निगम अमले ने 27 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे गए.

# योजनाओं के बचे कार्य पूरे करने में जुट जाएं

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले संभागायुक्त ने विभागों की समीक्षा की

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 06 मार्च. संभागीय कार्यालय में शुक्रवार संभागायुक्त संजीव सिंह ने सभी विभागीय योजनाओं, कार्यों और निर्माण को लेकर समीक्षा की. बैठक में समय पर कार्य योजना को पूरा करने निर्देश दिए.**



उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने कुछ ही दिन बचे हैं. जो निर्माण कार्य, शासन की योजनाओं के कार्य बचे हैं, उनको समय पर पूरा किया जाए. इसके लिए आप रात दिन जुट जाइए. संभाग में कोई भी शासन की योजनाओं से वंचित न रहे.

वहीं निर्माण कार्यों को भी जितनी जल्द हो सके समय पर पूरा करें. उन्होंने कहा कि कार्यालयों से निकल कर गांव-गांव जाएंऔर निरीक्षण करें. संभाग में चल रहे विकास कार्यों को 31 मार्च तक पूरा कराएं. शासन की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं. संभागायुक्त सिंह ने एक-एक करके सभी कार्यों की समीक्षा की.

सिंह ने कहा कि वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन, एफआरए के पट्टाधारियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावासों, आश्रमों में निर्माण एवं मरम्मत कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, धरती ग्राम उत्कर्ष योजना के साथ-साथ हितग्राहीमूलक योजनाओं के सभी कार्यों को जल्द पूरा करें. स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी मांगी.

### हत्या का प्रयास करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** हबीबगंज थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के अज्ञात आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों ने छुरी से पीड़ित युवक पर हमला किया था. पुलिस के मुताबिक फरियादी सूरज सिंह राजपूत (27) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. बताया था कि बुधवार को दरे शाम को जब वह अपने दोस्त सुमित मंडलोई, रोहित चौहान उर्फ अमन के साथ 11 नंबर से 10 नंबर स्टाप की ओर जा रहे थे. इस दौरान अरेरा कॉलोनी के सामने से कुछ लड़के पूरी रोड को घेरकर सामने से आ रहे थे. रोहित ने लड़कों से रास्ता छोड़कर दूसरी तरफ खड़े होने की बात कही तो उन्होंने चाकू से हमला कर दिया.




## ट्रैफिक पुलिस का चेकिंग अभियान

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मार्च. टीटी नगर क्षेत्र में शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान वाहन चालकों के कागजात चेक किए गए.**


पुलिस ने बगैर हेलमेट वालों पर चालानी कार्रवाई की. इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों और तेज रफ्तार से गाड़ियां चलाने वालों पर कार्रवाई की गई. बता दें कि अटल पथ स्मार्ट सिटी रोड पर कई बार वाहन चालक बेखौफ होकर बगैर हेलमेट के वाहन चलाते नजर आते हैं.

# त्वरित सहायता से युवकों की बची जान

## डायल-112 स्टाफ ने दुर्घटना में घायल युवकों की बचाई जान

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 6 मार्च. आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध डायल-112 ने एक बार फिर अपनी तत्परता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दिया.**



छतरपुर जिले में सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर डायल-112 के स्टाफ ने उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अधिकारियों के अनुसार 5 मार्च को थाना महाराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत कुसमा पेट्रोल पंप के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर होने की सूचना भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 पुलिस कंट्रोल रूम को प्राप्त हुई. सूचना मिलते ही महाराजपुर क्षेत्र में तैनात डायल-112 की फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. मौके पर पहुंचने पर आरक्षक अवधेश मीणा और पायलट अनिल ने देखा कि दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे. डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एफआरवी वाहन से महाराजपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी. डायल-112 कर्मियों की त्वरित कार्रवाई और मानवीय संवेदनशीलता ने पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत किया है.

### युवक को कट्टा दिखाकर मारपीट

**भोपाल.** पिपलानी थाना पुलिस ने एक युवक के साथ मारपीट कर कट्टा दिखाने वाले दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय तरुण रत्नागिरी में रहता है. गुरुवार को देर रात उसके पहचान के युवक अर्थ तरुण के घर पहुंचा. आवाज लगाते हुए अर्थ ने तरुण को बाहर बुलाया. तरूण के बाहर आते ही अर्थ ने अपने एक अन्य साथी के साथ सीधे तौर पर गाली-गलौज करनी शुरू कर दी. तरुण ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने कट्टा दिखाकर तरूण को धमकाकर मारपीट की.

# महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

### एपस्टीन फाइल्स मामले का विरोध

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 06 मार्च. एपस्टीन फाइल्स से जुड़ी महिलाओं और बेटियों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों के मामले में न्याय की मांग को लेकर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस शनिवार शाम शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेगी.**

यह प्रदर्शन शाम 5 बजे रोशनपुरा चौराहा पर किया जाएगा, जिसका आयोजन जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जा रहा है. यह कार्यक्रम अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की



राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है. आयोजकों के अनुसार, इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य एपस्टीन फाइल्स से जुड़े मामलों में जिन महिलाओं और बेटियों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हुई है, उनके लिए न्याय की मांग उठाना और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व गहन जांच की मांग करना है. महिला कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के मुद्दे को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि जब तक सच्चाई सामने नहीं आती और दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक उनकी आवाज लगातार उठती रहेगी. महिला कांग्रेस ने प्रदेश की सभी महिलाओं और नागरिकों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर न्याय की इस लड़ाई को मजबूत करने की अपील की है. प्रदर्शन में शामिल होने वालों से एकजुटता के प्रतीक के रूप में काले वस्त्र पहनकर आने का अनुरोध किया गया है.

# युवक को बंधक बनाकर की मारपीट

### बेहोश होने पर अस्पताल लेकर पहुंचे आरोपी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मार्च. कोलार थाना इलाके में एक युवक के साथ आधा दर्जन आरोपियों ने बंधक बनाकर मारपीट कर दी. शुक्रवार को मामला सामने आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी है.**

मिली जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय घायल युवक दिनेश अहिरवार एक कपड़े की दुकान में काम करता है. 4 मार्च को दोपहर में जब वह बांसखेड़ी पुलिया के पास से पैदल जा रहा था. तभी आरोपी निक्की शुक्ला, आकाश प्रजापति, तिलक चौहान, दिव्यांशु, नन्नू, अजय और अमन प्रजापति ने उसे रोक. आरोपियों ने दिनेश का अपहरण कर उसे कार में जबरन बैठाकर अपने साथ सुनसान इलाके में लेकर गए. पीड़ित का आरोप है कि उसके एक पहचान के युवक से आरोपियों की पुरानी रंजिश है. आरोपियों ने पीड़ित को पहचान के युवक के साथ नहीं घूमने को लेकर दिनेश को धमकाया भी था, जिस पर दिनेश ने ध्यान नहीं दिया. इस बात का बदला लेने के इरादे से आरोपियों ने दिनेश के साथ साथ बुरी तरह से मारपीट की.

### ऑटो चालक पर चाकू से हमला

टीला जमालपुरा थाना इलाके में एक चालक पर दुकान से ऑटो हटाने की बात को लेकर चाकू से जानलेवा हमला किया. हमले से घायल चालक के हाथ में गंभीर घाव हुए है. घायल युवक की पहचान नईमउल्ला (26) इंद्रानगर मार्केट निवासी के रूप में की गई है. दोपहर के समय जब वह इंद्रानगर आटो स्टैंड पर ऑटो लेकर सवारी का इंतजार कर रहा था. तभी शन्नू नामक के आरोपी युवक ने नईम से ऑटो हटाने की बात कही. इस विवाद के चलते शन्नू ने नईम के साथ मारपीट करते हुए अपने पास रखा चाकू निकाला और उस पर वार कर दिया.

### युवक की हत्या करने वाले 4 गिरफ्तार

**भोपाल.** निशातपुरा थाना पुलिस ने युवक अरविंद उर्फ छोटू के हत्यारों को गिरफ्तार किया है. 4 मार्च को शाम 7:30 बजे बेस्ट प्राइज के पास 80 फीट रोड पर कार से कट मारने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप लिया, जिसमें युवक अरविंद मीना उर्फ छोटू की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई. मृतक अपने दोस्त गोलू जाटव उर्फ अजय के साथ बाइक से जा रहा था, तभी एक सफेद रंग की कार के चालक से विवाद हुआ. विवाद के दौरान कार सवार युवकों ने एकराय होकर अरविंद पर हमला कर दिया तो अरविंद द्वारा उसके पास रखे चाकू को निकाल कर लहराने लगा तो आरोपियों ने अरविंद से चाकू छीनकर अरविंद के सीने में वार कर दिया था.

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

## हिंदी कार्यशाला आयोजित

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मार्च. रेल भर्ती बोर्ड, भोपाल कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक 6 मार्च को आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता रेल भर्ती बोर्ड की अध्यक्षा रश्मि दिवाकर ने की.**

बैठक में सर्वप्रथम मंडलीय राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को बैठक की औपचारिक जानकारी दी. इसके पश्चात समिति उपाध्यक्ष एवं सचिव, रेल भर्ती बोर्ड, भोपाल



नीरज कुमार राजपूत ने अध्यक्षा दिवाकर का पौधा भेंट कर स्वागत किया. इस अवसर पर अपने संबोधन में रश्मि दिवाकर ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारी होने के नाते यह हम सभी का संवैधानिक दायित्व है कि हिंदी को केवल भाषा के रूप में ही नहीं बल्कि अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम के रूप में भी अपनाएं.

उन्होंने कहा कि हिंदी ऐसी कड़ी है, जो भारत की विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोने की क्षमता रखती है. उन्होंने राजभाषा नियम 1976 के अनुसार कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाएं, ताकि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित समस्त जानकारी आम जनता तक उनकी भाषा में पहुंच सके और कार्यालय के कार्यों में अधिक सरलता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो.

**कार्यक्रम** देहात पुलिस ने किया आयोजन, होली मिलन समारोह में 200 जवान हुए शामिल

# पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उड़ाया रंग गुलाल

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 6 मार्च. देहात पुलिस का होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया. इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मियों ने मिलन समारोह में शिरकत की. रंगोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भोपाल देहात पुलिस द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक (देहात), भोपाल परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.**



समारोह में लगभग 200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लेकर होली मिलन का आनंद लिया. होली मिलन समारोह में पुलिस अधीक्षक रामशरण प्रजापति, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरसिया, डीएसपी हेड क्वार्टर अंतिमा समाधिया, एसडीओपी ईंटखेड़ी मंजू चौहान, एसडीओपी बैरसिया वैशाली, श्याम किशोर झरवड़े सहित समस्त थाना प्रभारीगण, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा गुलाल उड़ाकर अपनी खुशी व्यक्त की.

समारोह के दौरान महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर होली एवं फिल्मी गीतों पर नृत्य किया. साथ ही वाटर कैनन से पानी की बौछारों के बीच सभी ने रंगों के इस पर्व का उत्साहपूर्वक आनंद लिया. कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.

इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी भाईचारे, सौहार्द्र एवं सहयोग की भावना के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया. पुलिस अधीक्षक (देहात) भोपाल ने सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को होली एवं आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ जनसेवा करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.



# पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने लोगों से की बात

**भोपाल, 6 मार्च.** पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने थाना ऐशबाग क्षेत्र के खटीक कॉलोनी में लोगों से सीधा संवाद किया. इस मौके पर कमिश्नर ने लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया. साथ ही सभी को सुरक्षित ड्राइविंग की शपथ दिलाई. जनता ने फुटओवर ब्रिज पर लाइट, फ्लाई ओवर चालू करने, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई जैसी समस्याएं रखीं. पुलिस आयुक्त जनसमस्याएं सुनकर एसीपी जहांगीराबाद को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.